भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 684
दिनांक 25 जुलाई, 2024

## ओएनजीसी द्वारा कच्चे तेल की गवेषणा

†684. श्री शंकर लालवानी :
डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही:
श्री विजय बघेल:
डॉ. आलोक कुमार सुमन:
श्रीमती अपराजिता सारंगी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) ने विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान कच्चे तेल के भंडारों की गवेषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इन भंडारों में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के तेल की अनुमानित मात्रा कितनी है;

(ग) ओएनजीसी द्वारा कितने तेल भंडारों से तेल निकाला जा रहा है तथा इन भंडारों में उपलब्ध तेल की मात्रा कितनी है; और

(घ) ओएनसीजी द्वारा इन भंडारों से प्रतिवर्ष कितनी मात्रा में तेल का उत्पादन किया जा रहा है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अन्वेषण कार्यकलाप के एक भाग के रूप में ओएनजीसी ने 3,743.71 लाइन कि.मी. (एलकेएम) द्विआयामी (2डी) तथा 30,417.91 वर्ग कि.मी. (एसकेएम) त्रिआयामी (3डी) भूकंपीय आंकड़े हासिल किए हैं। इसने 276 अन्वेषण कूपों का वेधन किया है जिनमें 46.58 एमएमटी की अनुमानित अंतिम निकासी (ईयूआर) सहित लगभग 172.54 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) 2पी (प्रमाणित और संभावित) प्रारंभ में मौजूद तेल भंडार (ओआईआईपी) सिद्ध किए हैं।

(ग): दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, ओएनजीसी के 9 तलछटीय बेसिनों में तेल भंडार हैं जिनमें कुल 320.89 एमएमटी के 2पी (प्रमाणित और संभावित) भंडार हैं।

(घ): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (जून, 2024 तक) के दौरान ओएनजीसी द्वारा अपने तेल भंडारों से कच्चे तेल (कंडेनसेट सहित) के उत्पादन का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | कच्चे तेल का उत्पादन (एमएमटी) |
|---|---|
| 2021-22 | 19.545 |
| 2022-23 | 19.584 |
| 2023-24 | 19.471 |
| 2024-25 (जून 2024 तक) | 4.883 |

**स्रोत: ओएनजीसी**

********